बवाल | घर से आधा किमी दूर खेत में मिला कंकाल, परिजनों ने पुलिस को रोका, गांव में बवाल, 10 घंटे रही तनाव की स्थिति

# 16 दिनों से लापता युवक की रहस्यमयी मौत





**शहडोल, नवभारत ।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खारी में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 16 दिनों से लापता युवक का कंकाल उसके घर से करीब आधा किलोमीटर दूर खेत में बरामद हुआ। शव पूरी तरह कंकाल में तब्दील हो चुका था और एक हाथ गायब था, जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए जमकर हंगामा किया।

बताया जाता है कि मृतक की पहचान रामनारायण (38 वर्ष), निवासी ग्राम खारी के रूप में हुई है। परिजनों ने कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त की। जानकारी के मुताबिक रामनारायण 20 दिसंबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने ब्यौहारी थाने में दर्ज कराई थी। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को शव के पास तक नहीं जाने दिया।

### परिजनों और पुलिस के बीच रहा घंटों तनाव

परिजनों की मांग थी कि घटनास्थल पर पहले डॉग स्क्वॉड बुलाया जाए और संभावित आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही शव उठाया जाए। इसी मांग को लेकर पुलिस और परिजनों के बीच घंटों तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

### अनूपपुर जिले से बुलाया गया डॉग स्क्वॉड

इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं शव को घेरकर बैठ गईं और पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल से दूर कर दिया। देखते ही देखते ग्रामीणों की भी भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई। शहडोल पुलिस लाइन में डॉग स्क्वॉड उपलब्ध न होने के चलते अनूपपुर जिले से डॉग स्क्वॉड बुलाया गया।

### लंबी मशक्कत और समझाइश के बाद परिजन माने

डॉग स्क्वॉड के पहुंचने, जांच प्रक्रिया शुरू करने और आक्रोशित परिजनों को समझाने में पुलिस को करीब 10 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया। पुलिस सुबह लगभग 10 बजे मौके पर पहुंची थी, लेकिन देर रात करीब 9 बजे जाकर शव को कब्जे में लिया जा सका। ब्यौहारी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी ऋषभ चारी ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया कि पहले पोस्टमार्टम कराया जाएगा और उसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी। लंबी मशक्कत और समझाइश के बाद परिजन माने, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है और हर पहलू को खंगाला जा रहा है।

## समर्थन मूल्य में खरीदी गई धान की चोरी की चर्चा

**कटनी।** जिले में सरकारी धान की चोरी करने का संदेह गहराता जा रहा है। आरोप है कि धान खरीदी के बाद परिवहन में लगे ट्रकों से रात के अंधेरे में सरकारी धान उतारकर बेचा जा रहा है और हैरानी की बात यह है कि यह सब हाईवे पर बेखौफ तरीके से हो रहा है।

स्लीमनाबाद से अग्रवाल ढाबा और पिपरोध तक का पूरा इलाका अवैध धान कारोबार का गढ़ बन गया है। सूत्रों के अनुसार धान से भरे ट्रकों को जानबूझकर हाईवे किनारे रोका जाता है और बिना नंबर की पिकअप गाड़ियों से बोरे उतारकर चोरी की जाती है। पिछले दिनों सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है। जिसमें साफ दिख रहा है कि कैसे सरकारी धान सड़क किनारे उतारकर खुलेआम ले जाई जा रही है। पूरे खेल में कुछ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवरों की मिलीभगत की चर्चा हो रही है। बिना नंबर के पिकअप वाहनों धार चोरी की जा रही है।

## हाईकोर्ट ने शहडोल कलेक्टर पर लगाया 2 लाख रुपए का जुर्माना



**शहडोल।** हाईकोर्ट ने शहडोल के कलेक्टर केदार सिंह पर जुर्माना लगाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए के दुरुपयोग पर कलेक्टर पर कोर्ट ने ये कार्रवाई की है। शहडोल के कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने जिले के एक युवक पर सख्ती दिखाते हुए उसपर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, एनएसए की धारा लगाते हुए जेल भेज दिया था। शहडोल के व्यवहारी तहसील में बुढ़वा के युवा सुशांत सिंह बैस पर ये कार्रवाई की गई थी। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन की कई शिकायतें की थीं।

इससे गुस्साए रेत माफिया ने सुशांत सिंह बैस के खिलाफ ही रेत चोरी व अन्य केस दर्ज करवा दिए। इतना ही नहीं, रेत माफिया के दबाव में पुलिस ने उनके खिलाफ एनएसए की कार्रवाई का प्रस्ताव शहडोल कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह के पास भेज दिया। कलेक्टर के आदेश के बाद सुशांत बैस को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पिता हीरामणि बैस ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। हालांकि इस बीच सुशांत सिंह को रिहा कर दिया गया लेकिन कलेक्टर द्वारा गलत तरीके से एनएसए लगाने का विरोध किया गया। कोर्ट ने शहडोल कलेक्टर से जवाब तलब किया तो सफाई दी कि दूसरे आरोपी की जगह गलती से सुशांत बैस का नाम दर्ज हो गया था।हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल और एके सिंह की डबल बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुनाते हुए शहडोल कलेक्टर को फटकार लगाई। कोर्ट ने कलेक्टर केदार सिंह को अपनी व्यक्तिगत राशि से दो लाख रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि कलेक्टर मानो प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी बन गए। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत केवल तब कार्रवाई की जा सकती है जब देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो रहा हो।



## गोहपारू में हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ

▸ ध्वज वंदन के साथ किया गया भूमि पूजन

**गोहपारू।** आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बुधवार 7 जनवरी को गोहपारू में हिंदू सम्मेलन गोहपारू खण्ड में किया गया। जिसको लेकर आयोजन समिति का निर्माण के साथ ध्वज वंदन का कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर आयोजन समिति ने लोगों से अपील की कि समस्त हिंदू जन मानस गोहपारू खण्ड में उपस्थित होकर भूमि पूजन व ध्वज वंदन के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाएं। ध्वज वंदन एवं भूमि पूजन के दौरान प्रवीण दुबे , सचिन मिश्रा , पंकज , मगलेश्वर, अन्नू शर्मा, राघवेन्द्र सोनी, कामता सोनी, अशोक सिंह, सुधीर सिंह, विक्रम सिंह, शुभम, किसन सिंह के सहित भारी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे, साथ ही इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त हिन्दुओं का आवाहन करते हुए सादर आमंत्रित किया गया।

## ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जाए शुद्ध पेयजल : सीईओ

**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र लिखकर सभी ग्राम पंचायतों में हैंड पंपों के आसपास साफ सफाई रखते हुए नियमित अंतराल पर ब्लीचिंग पाउडर छिड़कने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने ग्रामों में संचालित पेयजल की उच्चस्तरीय टंकी और सम्पवेल की नियमित अंतराल पर साफ सफाई के साथ टंकी पर साफ सफाई कराकर सूचना प्रदर्शित करने के लिए कहा है। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर, तकनीकी मार्गदर्शन लेते हुए जल जीवन योजना के अंतर्गत निर्मित पाइपलाइन की लीकेज में तत्परता पूर्वक सुधार कार्य कराएं। उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराई गई फील्ड टेस्ट किट का उपयोग कर पानी का सेंपल लेकर परीक्षण कराएं।





## विकास खण्ड स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**ब्योहारी।** विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिताएं देशभर के स्कलों में हो रही हैं, जिनमें 'विकसित भारत के लिए (स्टेम) कत्रिम बुद्धीमत्ता (एआई), क्वांटम युग', 'जल संरक्षण', और 'पर्यावरण' जैसे विषयों पर छात्र अभिनव मॉडल बना रहे हैं, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को जिला और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चूना जा रहा है, साथ ही विज्ञान नाटिका और प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो रही हैं। इसी कड़ी मे विकास खण्ड ब्योहारी मे भी कलेक्टर केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल, संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे और डी पी सी अमरनाथ सिंह जिला शहडोल के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट उच्च. माध्यमिक विद्यालय ब्योहारी में आज दिनांक 7 जनवरी 2026 को विकासखंड स्तरीय विज्ञान गणित मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उक्त प्रतियोगिता मे जनपद शिक्षा केंद्र ब्योहारी अंतर्गत कुल 12 जन शिक्षा केन्द्रो से चयनित 190 छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में अपने मॉडल का प्रस्तुतीकरण गणित, विज्ञान, भूगोल, सामाजिक विज्ञान इत्यादि प्रश्न मंच सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से चयनित होकर के विकास स्तर के लिए उपलब्ध हुई तथा 190 में से प्रत्येक विषय में दो - दो कुल आठ विधाओं में 16 मॉडलों प्रश्न मंच इत्यादि का चयन निर्णायक समिति के द्वारा किया गया। विकासखंड स्तरीय निर्णायक समिति का कुशल संचालन मनोज कुमार केसरवानी समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र ब्योहारी, ब्रह्मानंद श्रीवास्तव विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्योहारी, धर्मेंद्र पटेल बीएससी प्रभारी विज्ञान प्रदर्शनी, भानू पटेल, शिव बहादुर सिंह, रितेश श्रीवास्तव, श्रीमती कुंती सिंह, विनोद मिश्रा एवं समस्त जन शिक्षक और संस्था प्रधान एवं मार्गदर्शी शिक्षक के माध्यम से उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्योहारी के प्रांगण में राम दुलारे प्रजापति प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्योहारी के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में संपन्न हुआ।



## जैतपुर पहुंचे संभागायुक्त, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शहडोल।** संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव ने बुधवार को एकलव्य आवासीय विद्यालय जैतपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रावास की व्यवस्था, रखरखाव, साफ-सफाई तथा छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। श्री यादव ने बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने जीवन में खेल, अनुशासन और पढ़ाई के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाई और खेल दोनों में एकाग्रता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## भवन अनुज्ञा में भ्रष्टाचार पर युवा कांग्रेस का वार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** जिले में भवन अनुज्ञा (बिल्डिंग परमिशन) प्रक्रिया में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी वसूली के खिलाफ युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम एवं जिला महासचिव निशांत जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को एसडीएम शहडोल को ज्ञापन सौंपकर पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और शुल्क विवरण सार्वजनिक किए जाने की मांग की। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद शहडोल में भवन अनुज्ञा की प्रक्रिया जटिल और अपारदर्शी होने के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि भवन अनुज्ञा की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से नगर पालिका कार्यालय परिसर में एक स्थायी एवं स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए जाने की मांग की गई, जिस पर भवन अनुज्ञा प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शित हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि कितने वर्गफीट निर्माण पर कितना शासकीय शुल्क देय है। युवा कांग्रेस ने कम्पाउंडिंग से जुड़े नियमों और उस पर लगने वाले शुल्कों का विस्तृत विवरण सार्वजनिक करने, भवन अनुज्ञा से संबंधित सभी प्रकार के शुल्कों की सूची प्रदर्शित करने तथा आवेदनों के निस्तारण के लिए निश्चित समय-सीमा तय कर उसे सार्वजनिक करने की मांग की।

संगठन ने यह भी मांग उठाई कि भवन अनुज्ञा प्रक्रिया में भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से मुश्रान खान, विधानसभा अध्यक्ष शेख साजिल, जिला महासचिव नमो गर्ग, नगर उपाध्यक्ष सुहैल नगर, प्रियंका तिवारी, अनिकेत सिंह (गोलू), सिंगपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष निभाम रजक, इमरान खान, कपिल रजक, समीर खान सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्री प्राइमरी से कक्षा आठवीं तक तीन दिन का अवकाश

**कटनी।** कड़ाके की ठंड के बीच स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिली है। लगातार गिरते तापमान और सुबह होने वाले कोहरे के मद्देनजर विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर हरसिमरनप्रीत कौर ने प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए तीन दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। प्रभारी कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार न्यूनतम तापमान होने की संभावना और स्थानीय परिस्थिति के मद्देनजर जिले की समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई विद्यालयों और अन्य बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालय बुधवार 7 जनवरी, गुरूवार 8 जनवरी और शुक्रवार 9 जनवरी को बंद रहेंगे।

## रात 12 से सुबह 4 बजे तक रहता है सबसे अधिक पाले का प्रकोप

▸ शीतलहर और पाले से फसलों को खतरा, किसानों को सतर्क रहने की सलाह



**शहडोल।** जनवरी माह में शीतलहर का दौर शुरू हो चुका है, जिससे जिले में रबी फसलों पर पाले का खतरा बढ़ गया है। कम तापमान के कारण फसलों की पत्तियां और फूल झुलसकर झड़ने लगते हैं, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ता है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार शीतलहर का सबसे अधिक प्रभाव दलहनी, तिलहनी फसलों, धनिया, मटर एवं आलू की फसलों पर पड़ता है। रात के समय जब तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे चला जाता है, तब खेत की सतह और फसलों की पत्तियों पर बर्फ की पतली परत जम जाती है, जिसे पाला कहा जाता है। पाले का प्रकोप प्राय: रात 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच होता है। पाले के कारण पत्तियों पर जमी पानी की बूंदें कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे पत्तियां सूखकर गिरने लगती हैं।

### पाले से बचाव के उपाय बताए

कृषि विभाग द्वारा किसानों को पाले से फसलों की सुरक्षा हेतु सतर्क रहने की सलाह दी गई है। बताया गया है कि रात्रि के समय खेत की मेड़ों पर 6 से 8 स्थानों पर कचरा एवं खरपतवार जलाकर धुआं किया जाए, जिससे खेत का तापमान लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक बना रहे और पाले का असर कम हो। धुएं का फैलाव पूरे खेत में होना आवश्यक है। पाले की आशंका होने पर खेत में हल्की सिंचाई करने की भी सलाह दी गई है। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ता है और पाले से होने वाला नुकसान कम होता है। ध्यान रहे कि अधिक सिंचाई न करें, केवल इतनी सिंचाई करें जिससे खेत गीला हो जाए।

### रस्सी और दवाओं से भी मिलेगी राहत

किसानों को सुबह जल्दी दो व्यक्तियों द्वारा लंबी रस्सी से खेत की फसल को हिलाने की सलाह दी गई है, जिससे रात में जमी ओस और पानी की बूंदें गिर जाती हैं और पाले का प्रभाव कम होता है इसके अतिरिक्त प्रति एकड़ 8 से 10 किलोग्राम सल्फर डस्ट का भुरकाव अथवा घुलनशील सल्फर 200 ग्राम, ग्लूकोज पाउडर 500 ग्राम, थायो यूरिया 500 ग्राम या पोटाशियम सल्फेट (0:0:50) 200 ग्राम को 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है। साइकोसिल 400 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से भी पाले से बचाव संभव है।

### मावठा गिरने पर चना फसल को नुकसान की आशंका

कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि जिले में कहीं-कहीं मावठा गिरने की संभावना रहती है, जिससे चना फसल में फूल झड़ने की समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए छंचीजीलस बैटिक एसिड 4.5 मिलीलीटर प्रति पंप छिड़काव करने की सलाह दी गई है। साथ ही किसानों को फसलों में कीट एवं रोग नियंत्रण पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

## बूथ से विधानसभा तक सक्रिय भूमिका निभाएं कार्यकर्ता : अलका गुर्जर

▸ राष्ट्रीय मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत




**शहडोल।** 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय शहडोल एवं धनपुरी में कामकाजी संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर का किया गया भव्य स्वागत बुधवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि एकदिवसीय अल्प प्रवास पर शहडोल पधारी भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर का भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने कार्यकर्ताओं के साथ जिला भाजपा कार्यालय में किया भव्य स्वागत इस दौरान प्रमुख रूप से शहडोल संभाग के प्रभारी गौरव सिरोठिया बैठक में उपस्थित रहे ।

बैठक कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रज्ञा त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जगवानी ,राजेश्वर उदानियां, सत्यभामा गुप्ता, उर्मिला कटारे, मंचासीन रहे। बैठक कार्यक्रम मंच का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने किया एवं आभार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने किया इस दौरान कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर सक्रिय रहकर कार्य करना होगा। संगठनात्मक प्रवास, नियमित बैठकें और जनसंवाद के माध्यम से भाजपा की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जनकल्याण और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत इन उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता विशेष अभियान चलाकर कार्य में जुट जाएं।

संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाता है। इसलिए लाभार्थियों से निरंतर संवाद स्थापित कर योजनाओं की जानकारी देना और पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने में सहयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगठन में अनुशासन, समयबद्धता और आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया। आगामी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी की कार्ययोजना दीर्घकालिक दृष्टि पर आधारित है। संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना, युवा एवं महिला सहभागिता बढ़ाना तथा सोशल और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि 'हर घर भाजपा' के लक्ष्य के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाना ही आने वाले समय की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।